केंद्रीय विद्यालय आई.आई.एम., लखनऊ

वार्षिक परीक्षा – 2019–20

विषय–हिंदी

कक्षा – 10

समय 3 घटें पूर्णांक – 80

सामान्य निर्देश

(i) इस प्रश्नपत्र में चार खंड है–क ख ग और घ।

(ii) सभी खंडो के प्रश्नो के उत्तर देना अनिवार्य है।

(iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रम में लिखिए।

खण्ड – क

प्र.1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नो के उत्तर लिखिए– 8

आत्मनिर्भरता का अर्थ है अपने ऊपर निर्भर रहना। जो व्यक्ति दूसरे के मुँह को नही ताकते वे ही आत्मनिर्भर होते है वस्तुतः आत्मविश्वास के बल पर कार्य करते रहना आत्मनिर्भरता है आत्मनिर्भरता का अर्थ है समाज निज तथा राष्ट्र की आवश्यकतो की पूर्ति करना व्यक्ति समाज तथा राष्ट्र में आत्मविश्वास की भावना आत्मनिर्भरता की प्रतीक है। स्वावलंबन व्यक्ति समाज राष्ट्र के जीवन में सफलता की पहली सीढ़ी है। सफलता प्राप्त करने के लिए व्यक्ति को स्वावलंबी अवश्य होना चाहिए स्वावलंबन व्यक्ति समाज राष्ट्र के जीवन में सर्वांगीण सफलता प्राप्ति का महामंत्र है स्वावलंबन जीवन का अमूल्य आभूषण है वीरो तथा कर्मयोगियों का इष्टदेव है। जब व्यक्ति स्वावलंबी होगा उसमें आत्मनिर्भरता होगी तो ऐसा कोई कार्य नही है जिसे वह कर न सके। स्वावलंबी मनुष्य जीवन में कभी भी असफलता का मुँह नही देखता वह जीवन के हर क्षेत्र में निरंतर कामयाब होता जाता है जिस व्यक्ति में आत्मनिर्भरता होगी वह कभी किसी के सामने नही झुकेगा वह जो करेगा सोच समझकर धैर्य से करेगा। मनुष्य में सबसे बड़ी कमी स्वावलंबन का न होना है सबसे बड़ा गुण भी मनुष्य की आत्मनिर्भरता ही है

(क) किन व्यक्तियों को आत्मनिर्भर कहा जा सकता है ? 1

(ख) आत्मनिर्भरता का प्रतीक क्या है ? 1

(ग) स्वावलंबन को जीवन का आभूषण क्यों कहा गया है? 2

(घ) किसी व्यक्ति की सफलता में स्वावलंबन की महत्ता स्पष्ट कीजिए ? 2

(ड) गद्याश में मनुष्य का सबसे बड़ा गुण किसे कहा गया है और क्यों ? 2

Scanned by CamScanner

## खण्ड – ख

**प्र.2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए** **2x2=4**

(क) मुझे समय पर निमंत्रण न मिलने से न आ सका **(संयुक्त वाक्य में बदलिए)**

(ख) 'जो दूसरो की मदद करते है उनकी सराहना होती है।

**(रचना के आधार पर वाक्य के भेद लिखिए)**

**प्र.3 वाच्य परिवर्तन कीजिए।** **1x4=4**

(क) कवि कविताएँ सुन है। **(कर्मवाच्य में बदलिए)**

(ख) घायल व्यक्ति चल नही सकता **(भाववाच्य में बदलिए)**

(ग) अनीता द्वारा सब्जियाँ खरीदी गई **(कर्तृवाच्य में बदलिए)**

(घ) रश्मि ने पुस्तके खरीदी **(कर्मवाच्य में बदलिए)**

**प्र.4 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदों का पदपरिचय लिखिए।** **1x4=4**

(क) अध्यापिका हिंदी पढ़ा रही है।

(ख) आपकी पुस्तकें कहाँ है।

(ग) अनुराधा अभी बाजार से आई है।

(घ) हमारे देश की नदियाँ पवित्र मानी जाती है।

**प्र5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **1x4=4**

(क) करूण रस का एक उदाहरण लिखिए।

(ख) 'रे नृप बालक कालबस बोलत तोहि न सँभार।

धनुही सम त्रिपुरारिधनु विदित सकल संसार।।

उपरोक्त काव्य पंक्तियों में रस पहचान कर लिखिए–

(ग) वीर रस का स्थायी भाव क्या है ?

(घ) रति किस रस का स्थायी भाव है ?

Scanned by CamScanner

## खण्ड – ग

**प्र6. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 2+2+2=6**

**बेटे की क्रिया–कर्म में तूल नही किया पतोहू से ही आग दिलाई उसकी। किंतु ज्योहि श्राद्ध की अवधि पूरी हो गई, पतोहू के भाई को बुलाकर उसके साथ कर दिया, यह आदेश देते हुए कि इसकी दूसरी शादी कर देना। इधर पतोहू रो–रोकर कहती मै चली जाऊँगी तो बुढ़ापे में कौन आपके लिए भोजन बनाएगा, बीमार पड़े, तो कौन एक चुल्लू पानी भी देगा? मै पैर पड़ती हूँ, मुझे अपने चरणों से अलग नही कीजिए। लेकिन भगत का निर्णय अटल था। तू जा नही जो मैं ही इस घर को छोड़कर चल दूँगा। यह भी उनकी आखिरी दलील और इस दलील के आगे बेचारी की क्या चलती है ?**

(क) भगत ने सामाजिक परंपराओ को तोड़ने का साहस कैसे दिखाया ?

(ख) भगत की पतोहू उन्हे छोड़कर क्यों नही जाना चाहती थी ? किन्ही दो कारणो का उल्लेख कीजिए।

(ग) भगत ने अपने पतोहू के भाई को बुलाकर क्या आदेश दिया ?

**प्र7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 2x4=8**

(क) बाल गोबिन भगत के मधुर गायन की विशेषताएँ लिखिए।

(ख) बिस्मिल्ला खाँ को कौन–कौन से सम्मान मिले? उनकी पहचान किस रूप में रहेगी?

(ग) मन्नू भंड़ारी की माँ त्याग और धैर्य की पराकाष्ठा थी फिर भी लेखिका के लिए आदर्श न बन सकी क्यूँ ?

(घ) सेनानी न होते हुए भी चश्में वाले को लोग कैप्टन क्यों कहते थे ?

(ड) लेखक ने फादर बुल्के को मानवीय करूणा की दिव्य चमक क्यों कहा है ?

**प्र8. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 2+2+2=6**

**मुख्य गायक के चट्टान जैसे भारी स्वर का साथ देती**
**वह आवाज सुन्दर कमजोर काँपती हुयी थी**
**वह मुख्य गायक का छोटा भाई है**
**या उसका शिष्य**
**या पैदल चलकर सीखने आने वाला दूर का कोई रिश्तेदार**
**मुख्य गायक की गरज में**
**वह अपनी गूँज मिलाता आया है प्राचीन काल से**
**गायक जब अंतरे की जटिल तानो के जंगल में**

Scanned by CamScanner

खो चुका होता है
या अपने ही सरगम को लाँघकर
चला जाता है भटकता हुआ एक अनहद में
तब संगतकार ही स्थायी को सँभाले रहता है
जैसे समेटता हो मुख्य गायक क पीछे छूटा हुआ सामान
जैसे उसे याद दिलाता हो उसका बचपन
जब वह नौ सिखिया था

प्र11.

प्र

(क) भटके हुए स्वर को संगतकार कब सँभलता है और मुख्य गायक पर इसका क्या प्रभाव पड़ता है ?

(ख) कविता में किसे नौसिखिया कहा गया है ? और क्यों ?

(ग) संगतकार की भूमिका का महत्व कब सामने आता है।

**प्र9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 2x4=8**

(क) बेटी अभी सयानी नही थी कन्यादान कविता के आधार पर प्रस्तुत पंक्तियों में अभिव्यक्त माँ चिंता का कारण लिखिए।

(ख) छाया मत छूना कविता के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए कि अतीत के सुख की स्मृति में डूबे रहने से जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है।

(ग) लक्ष्मण ने वीर योद्धा की क्या विशेषताएँ बताई ?

(घ) गोपियों द्वारा उद्धव के भाग्यवान कहने मे क्या व्यंग्य निहित है ?

(ङ) बच्चे की दंतुरित मुस्कान का कवि के मन में क्या प्रभाव पड़ता है ?

**प्र10. निम्नलिखित प्रश्नों में किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50–60 शब्दों में लिखिए 4x2=8**

(क) माता का आँचल पाठ में माता–पिता का अपने बच्चे के प्रति जो वात्सल्य व्यक्त हुआ है उसे अपने शब्दों में लिखिए।

(ख) सरकारी तंत्र में जॉर्ज पंचम की नाक लगाने को लेकर जो चिंता या बदहवासी दिखाई देती है वह उनकी किस मानसिकता को दर्शाती है ?

(ग) गंतोक को मेहनतकश बादशाहो का शहर क्यों कहा गया है ?

Scanned by CamScanner

खण्ड – घ

प्र11. अपने क्षेत्र की नालियों तथा सड़को की समुचित सफाई न होने पर स्वास्थ्य अधिकारी को एक पत्र लिखिए 5

अथवा

आपकी कक्षा में एक नए अध्यापक पढ़ाने आए है जो बहुत अच्छा पढ़ाते है। उनके विषय में परिचयात्मक सूचना देते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए।

**प्र12. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखिए। 7**

**(क) परिश्रम और अभ्यास सफलता की कुंजी है**

प्रस्तावना

परिश्रम का महत्व

परिश्रम के अनुकरणीय उदाहरण

परिश्रम और अभ्यास से सफलता

उपसंहार

**(ख) समाचार पत्र के नियमित पठन का महत्व**

प्रस्तावना

ज्ञान का भंडार

पढ़ने की स्वस्थ आदत का विकास

जागरूकता

उपसंहार

**प्र13. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 5**

**आज जीत की राज, पहरूए सावधान रहना**
**खुले देश की द्वार, अचल दीपक समान रहना।**
**ऊँची हुइ मशाल हमारी, आगे कठिन डगर है।**
**शत्रु हट गया, लेकिन उसकी, छायाओं का डर है।**
**शोषण से मृत समाज कमजोर हमारा घर है।**
**किंतु आ रही नयी जिंदगी, यह विश्वास अमर है**
**जन गंगा में ज्वार, लहर तुम प्रवहमान रहना**
**पहरूए सावधान रहना।**

Scanned by CamScanner

(क) पहरुए शब्द का प्रयोग काव्यांश में किसके लिए हुआ है। 2

(ख) जन गंगा में ज्वार का आशय बताइए। 2

(ग) 'छायाओं का डर है' का अर्थ स्पष्ट कीजिए। 1

प्र14. आपके पिताजी अपना मकान बेचना चाहते है। उसकी विशेषताएँ बताते हुए एक विज्ञापन तैयार कीजिए। 3

अथवा

अपने आसपास साफ–सफाई रखने की जागरूकता बढ़ाने वाला एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

********************

Scanned by CamScanner